## घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें एक साथ इस टर्मिनल से संचालित होंगी

# लखनऊ एयरपोर्ट को दो दिन बाद मिल जाएगा नया टर्मिनल

**बदलता लखनऊ**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** एयरपोर्ट का नया टर्मिनल-3 अब चमकाया जा रहा है। कांच के गेट से काउंटर चमकाए जा रहे हैं। नए टर्मिनल के रास्ते पर बोर्ड लग गया है। 10 मार्च को पीएम नरेन्द्र मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। यहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक राजेश्वर सिंह रहेंगे।

एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तक पहुंचाने वाले फ्लाईओवर का रास्ता उद्घाटन के दिन खोला जाएगा। टर्मिनल में गलियारे से डोमेस्टिक, इंटरनेशनल यात्रियों की राहें अलग हो जाएंगी। बाईं ओर डोमेस्टिक, दाएं इंटरनेशनल यात्रियों के लिए रास्ता है। टर्मिनल-3 के ऊपरी तल पर डिपार्चर हॉल बना है, जिसके सामने 100 मीटर लंबी कांच की दीवार, तीन जगह स्वचालित गेट हैं।




लखनऊ एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल तैयार हो चुका है।

**10** मार्च को मोदी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**39** सौ करोड़ रुपये नए टर्मिनल की लागत आई है

### खुद करें बैगेज चेक इन

जल्द ही नए टर्मिनल से विमान यात्रियों का आवागमन शुरू होगा। नए टी3 में घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों के यात्रियों का आवागमन साथ होगा। चेक इन बैगेज प्रक्रिया के लिए एयरलाइन्स के काउंटर पर कतार नहीं लगाना होगा। आप ऑटोमैटिक मशीन से टिकट बोर्डिंग पास स्कैन कर बैगेज भेज सकते हैं।

### अब जाने के लिए नया रास्ता

एयरपोर्ट डिपार्चर हॉल जल्द नए टर्मिनल-3 में शिफ्ट होगा। लक्ष्मण मूर्ति चौक से सीधी जाने की बजाय यात्रियों के वाहन 600 मीटर लम्बे फ्लाईओवर से टर्मिनल-3 तक पहुंचेंगे। यह फ्लाईओवर आगे यू टर्न लेकर कानपुर रोड के बगल से नीचे उतरता है। यहां से सड़क टर्मिनल-2 के आखिरी छोर के पास मेट्रो वाली रोड से मिल जाएगी। यहां से वाहन वापस जाएंगे।